भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 3374
सोमवार, 23 मार्च, 2026 (2 चैत्र 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तराखंड के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र को हवाई सेवाओं से जोड़ना

3374. श्री महेंद्र भट्टः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार उत्तराखंड राज्य के चमोली, पिथौरागढ़ और उत्तरकाशी जैसे दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों में, जहाँ बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं और अक्सर प्राकृतिक आपदाएँ होती हैं, नियमित हेलीकॉप्टर सेवाओं को बढ़ाने की योजना बना रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): 'उड़ान' योजना के तहत, पिथौरागढ़ और पंतनगर हवाईअड्डों के साथ-साथ सहस्त्रधारा, चिन्यालीसौर, गौचर, नई टिहरी, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, श्रीनगर, मुनस्यारी और बागेश्वर चंपावत में हेलीपोर्टों से आरसीएस उड़ान परिचालन आरंभ हो गया है।

क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और सुदृढ़ करने और बढ़ाने के लिए सरकार ने अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने हेतु उत्तराखंड राज्य सहित देशभर में 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए संशोधित 'उड़ान' योजना आरंभ करने की घोषणा की है। यह योजना पर्वतीय, आकांक्षी और पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिलों में हेलीपैड और छोटे हवाईअड्डों को भी सहायता प्रदान करेगी।

******